परेशानी — शराब दुकान के बाहर बेतरतीब पार्किंग और अधूरी रोड से राहगीर परेशान

# बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रहा प्रशासन?

**नवभारत, पनागर।** पनागर क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही और सड़क निर्माण कार्य की बदहाली का आलम यह है कि आम जनता की जान हर वक्त जोखिम में बनी रहती है। ताजा मामला शराब दुकान के सामने का है, जहां अनियंत्रित होकर एक टोयोटा हाइराइडर कार एमपी 20जेडक्यू 2805 डिवाइडर में जा घुसी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने सड़क निर्माण और शराब दुकान के बाहर जारी पार्किंग के 'अराजक माहौल' पर फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



### मासूमों और राहगीरों का निकलना दूभर

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पनागर में शराब दुकान के ठीक सामने दिन-रात गाड़ियां बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन अभिभावकों को होती है जो पास के स्कूल से अपने मासूम बच्चों को लेने निकलते हैं। सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण इतना कम रास्ता बचता है कि दोपहिया वाहन चालकों का निकलना किसी जंग से कम नहीं होता। शराबियों और वहां खड़ी गाड़ियों की वजह से आए दिन जाम की स्थिति बनती है और राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### कब जागेगा जिम्मेदार तंत्र?

बार-बार हो रही दुर्घटनाओं और शिकायतों के बावजूद न तो शराब दुकान के सामने बेतरतीब खड़ी गाड़ियों पर यातायात व पनागर पुलिस का ध्यान जा रहा है और न ही निर्माण एजेंसी सुरक्षा मानकों का पालन कर रही है। क्या पनागर प्रशासन किसी बड़े और जानलेवा हादसे का इंतजार कर रहा है? स्थानीय लोगों ने मांग की है कि शराब दुकान के बाहर अवैध पार्किंग पर तुरंत कार्रवाई की जाए और सड़क निर्माण स्थल पर तत्काल बैरिकेड्स व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए!

### सड़कों पर फिसल कर गिर रहे वाहन

एक तरफ तो अवैध पार्किंग का कब्जा है, वहीं दूसरी तरफ पनागर में रोड बनाने वालों की घोर लापरवाही ने आग में घी डालने का काम किया है। सड़क और डिवाइडर निर्माण का काम जारी है, लेकिन ठेकेदार द्वारा कहीं भी कोई बैरिकेड्स या चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। बैरिकेडिंग न होने से कोई भी गाड़ी चालक कहीं से भी सड़क पर आ-जा रहा है, जिससे आए दिन आमने-सामने की भिड़ंत और एक्सीडेंट हो रहे हैं। आधी-अधूरी और ऊंची-नीची बनी सड़क के कारण रोज दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और लोग चोटिल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

# अवमानना याचिका से राज्यपाल का नाम हटाने पेश किया आवेदन


▶ हाईकोर्ट ने जारी किये थे नोटिस



**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने राज्यपाल सहित अन्य को नोटिस जारी किये थे। अवमानना याचिका से राज्यपाल का नाम विलोपित करने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दायर किया गया है। जिस पर इसी सप्ताह सुनवाई संभावित है।

जबलपुर निवासी डॉ आर बी दुबे की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वह साल 2000 में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के लॉ विभाग में रीडर के पद पर नियुक्ति हुए थे। उन्होने 29 जून को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद उन्होंने 14 जून को त्यागपत्र स्वीकार करने के संबंध में एक शर्त का उल्लेख किया था। जिसके बाद उन्होंने 28 जुलाई को स्वेच्छा से त्यागपत्र वापस ले लिया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने 29 जुलाई 2006 को त्यागपत्र वापस लेने के बाद भी उसे स्वीकार कर लिया। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकलपीठ ने जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया था कि याचिकाकर्ता को रिटायरमेंट लाभ प्रदान किये जाये। आदेश का पालन नही होने के कारण उसकी तरफ से उक्त अवमानना याचिका दायर की गयी है। अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने राज्यपाल सहित विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को नोटिस जारी किये थे। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से अवमानना याचिका से राज्यपाल का नाम विलोपित किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में आवेदन पेष किया गया है। जिस पर इसी सप्ताह सुनवाई संभावित है।

## एक नजर में




### धीरज डेहरिया को आईआईटी हैदराबाद से पीएचडी की उपाधि

**नवभारत, जबलपुर।** लखनादौन निवासी बीएल डेहरिया के सुपुत्र डॉ. धीरज डेहरिया को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद से बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उनकी इस उत्कृष्ट शैक्षणिक सफलता पर शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि उनके परिवार और डेहरिया समाज के लिए बल्कि पूरे सिवनी जिले के लिए गौरव का क्षण है। डॉ. धीरज की यह कड़ी मेहनत और बड़ी सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

### गंगाराम गुप्ता बने पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष

**सिहोरा।** मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम एवं नगर पालिका पेंशनर संघ, संभाग इंदौर के प्रांतीय अध्यक्ष लीलाधर मनवारे द्वारा गंगाराम गुप्ता को जबलपुर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद जिले के पेंशनरों में उत्साह और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। गंगाराम गुप्ता की नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पेंशनरों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।



### मोदन बाई खंगार का निधन

**पनागर।** ग्राम हिनौता निवासी मोदन बाई खंगार का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप कोड़ी लाल, पहाड़ी सिंह, हुकम सिंह की माताजी थी अंतिम संस्कार ग्राम हिनौता के स्थानीय शमशान घाट में सुबह 12 बजे किया जायेगा।



# पहली फेलोशिप मीटिंग में तय हुआ जनकल्याण का रोडमैप

▶ रोटरी क्लब ग्रेटर का सेवा संकल्प




**नवभारत,जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर ग्रेटर की रोटरी की पहली फेलोशिप मीटिंग उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित हुई। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों के साथ उनके परिवारों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण सहित विभिन्न जनकल्याणकारी सेवा परियोजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया गया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन अजय पाठक ने कहा कि फेलोशिप केवल सामाजिक मेल-मिलाप का मंच नहीं, बल्कि सदस्यों के बीच विश्वास, समन्वय और आत्मीयता को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आपसी एकजुटता ही रोटरी को समाजहित में प्रभावी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अभय विष्णोई ने किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं का स्वागत एवं सम्मान करते हुए कहा कि क्लब की प्रत्येक सेवा परियोजना में महिला शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने महिला सदस्यों और रोटेरियंस की पत्नियों से पूरे वर्ष सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

इस मौके पर क्लब सचिव असगी अली ने आगामी सेवा परियोजनाओं और वर्षभर आयोजित होने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की और सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर जुलाई माह में जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ मनाने वाले रोटेरियंस और एन्स को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में क्लब कोषाध्यक्ष पुनीत हांडा ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अजय ग्रोवर, विनय कोपरहिया, विजय गुप्ता, शशिकांत गाला, डॉ. संजय छत्तानी, डॉ. अजय भंडारी, सतीश अग्रवाल, सुबोध जैन, शरद सांघी, संजय रूसिया, योगेंद्र सोनी, नासिर अली, चेतन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित रहे।

श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का घट यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

# भक्ति देखना हो तो सती मैना सुंदरी जैसी प्रेरणा लेनी चाहिए : मुनि श्री



**पनागर।** आज अतिशय क्षेत्र पनागर में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का भव्य घट यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। प्रात: काल में घटयात्रा बाजार जैन मंदिर से प्रारंभ होकर बड़े मंदिर जी पहुंची। पश्चात मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज संसंघ पंच ऋषिराजों के सन्निधि और विधानाचार्य ब्रम्हचारी नरेश भैया गुरुकुल मढिया जी के मार्गदर्शन में केसरिया ध्वज की मंगल पूजन करके ध्वजारोहण किया गया। पश्चात मंच पर विराजित मुनि संघ के पाद प्रक्षालन डॉ संतोष शकुन मोदी परिवार ने किया।मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान की महिमा का वर्णन करते हुए कहा मन की पवित्रता ही सबसे बड़ा तीर्थ है, जिस तरह गंदे पात्र में खीर नहीं रखते है वैसे ही गंदे मन से भगवान की भक्ति नहीं करना चाहिए, भगवान की भक्ति का लाभ देखना हो तो मैना सुंदरी की भक्ति से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज बड़े मुनिराज की आहारचर्या का अवसर वीरेंद्र कुमार संजय सन्मति सेठ परिवार को प्राप्त हुआ। श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा पनागर ने सभी से इस अनुष्ठान में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# पंकज तिवारी बने युवा मोर्चा जबलपुर ग्रामीण के अध्यक्ष



**सिहोरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन के प्रति निष्ठा, सक्रियता और बेहतर कार्यशैली को महत्व देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर ग्रामीण के अध्यक्ष पद पर पंकज तिवारी की नियुक्ति की है। प्रदेश भाजपा कार्यालय से जारी सूची में उनके नाम की घोषणा होते ही जबलपुर ग्रामीण में कई दिनों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया, वहीं इस निर्णय ने कई राजनीतिक मिथकों को भी तोड़ दिया है। पंकज तिवारी वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा जिला ग्रामीण के रिसर्च प्रभारी के रूप में कार्यरत थे तथा पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भी जुड़े रहे हैं। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, मजबूत कार्यशैली और कार्यकर्ताओं के बीच गहरी पकड़ के चलते उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार, पंकज तिवारी को भाजपा विधायक अजय बिश्नोई एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल के विश्वसनीय कार्यकर्ताओं में भी गिना जाता है। उनके पिछले कार्यकाल और कार्यप्रणाली को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। युवा मोर्चा जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद के लिए कई युवा नेताओं के नाम चर्चा में थे, लेकिन अंतत: संगठन ने पंकज तिवारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा। इस निर्णय को राजनीतिक गलियारों में संगठन का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है कि मेहनत, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ता को उचित अवसर अवश्य मिलता है। पंकज तिवारी की नियुक्ति से गोसलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में हर्ष का माहौल है और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

# महिलाओं की पहल से सुलझा वर्षों पुराना मंदिर भूमि विवाद

▶ निर्माण कार्य संपन्न, ताम्रकार समाज ने जताया आभार



**पनागर।** ताम्रकार समाज पनागर के हनुमान मंदिर से जुड़ा वर्षों पुराना भूमि विवाद आखिरकार आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में समाप्त हो गया है। समाज की महिला मंडल एवं मातृशक्ति की एकजुटता और सकारात्मक मध्यस्थता से इस जटिल विवाद का स्थायी समाधान निकाला गया, जिसके तुरंत बाद लंबे समय से रुका हुआ मंदिर निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया।

**आपसी संवाद से निकला समाधान का मार्ग–** समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि पनागर स्थित हनुमान मंदिर का निर्माण कार्य भूमि संबंधी विवाद के कारण पिछले कई वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था। इसे लेकर समय-समय पर प्रयास किए गए, लेकिन अंतिम सहमति नहीं बन पा रही थी। इस स्थिति को देखते हुए महिला मंडल ने पहल की और सभी पक्षों से बातचीत कर शांतिपूर्ण समझौते का रास्ता तैयार किया। महिला मंडल के इस सराहनीय कदम से रुका हुआ कार्य न केवल पुन: शुरू हुआ, बल्कि पूर्णता तक पहुँचा।

**मातृशक्ति के प्रति समाज ने जताया आभार–** मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ताम्रकार समाज ने महिला मंडल और समस्त मातृशक्ति का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। समाजजनों ने कहा कि महिलाओं के धैर्य, दूरदर्शिता और एकजुट प्रयासों के बिना यह असंभव कार्य संभव नहीं हो पाता। इसे समाज में आपसी एकता और सहयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण बताया जा रहा है। महिला मंडल की पहल और सकारात्मक सोच से वर्षों पुराना विवाद समाप्त हुआ है। यह हमारे समाज की एकता और भाईचारे की एक बड़ी मिसाल है।'

**इनकी रही उपस्थिति–** इस ऐतिहासिक क्षण पर समाज की कई प्रमुख महिलाएं मौजूद रहीं। इनमें कविता ताम्रकार, राधा, सुनीता, मनीषा, मनोरमा, गौरा, रानी, सविता, रूपा, भावना, सरिता, शिवांगी, रेनम, नैन्सी, रचना, सुरभि, यशी, कृति ताम्रकार सहित समाज की अनेक महिलाएँ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# ग्राम महरोई के डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में बवाल

▶ प्राचार्य ने कोतवाली पुलिस को की शिकायत




**उमरिया नवभारत 21 जुलाई।** जिले में स्थित ग्राम महरोई में संचालित डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल एवं प्रिंसिपल आलोक राय पर राहुल बर्मन ग्राम महरोई द्वारा झूठा आरोप लगाया गया, जिसकी शिकायत कोतवाली थाने में की गई है।

डीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल संचालक प्रिंसिपल आलोक राय ने बताया कि 15 जुलाई देर रात शराब पीकर राहुल बर्मन द्वारा फोन लगाकर गाली-गलौज की। दूसरे दिन 16 जुलाई को सुबह कुछ साथियों द्वारा गाली गलौज करते हुए हथियार के साथ विद्यालय पहुंचा। विद्यालय परिसर में घुसने के बाद भी अभद्र शब्दों का प्रयोग किया। टीचर को धमकाते हुए शराब के नशे में जान से मारने की धमकी भी दी, जिसकी फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

### गला दबाने का किया प्रयास

प्रिंसिपल ने बताया कि इसके बाद उसे धक्का देकर परिसर के बाहर करने की कोशिश की, लेकिन राहुल बर्मन ने मेरा गला दबाने का प्रयास किया और हथियार से प्रहार करने का प्रयास किया। इसी दौरान कुछ लोगों ने बीच बचाव किया, जो बीच बचाव करने आया उसे भी मारने की धमकी दी, जिसके कारण स्कूल में डर का माहौल बना हुआ है।

# रक्षाबंधन पर डाक विभाग की विशेष तैयारी, बनेंगे राखी काउंटर



**जबलपुर।** रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए मध्य प्रदेश डाक विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बहनों की राखियां समय पर भाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के सभी 43 प्रधान डाकघरों, जिनमें जबलपुर भी शामिल है, में विशेष राखी काउंटर बनाए जाएंगे।

इन काउंटरों पर केवल राखी और उससे संबंधित पार्सल की बुकिंग की जाएगी, ताकि सामान्य डाक सेवाएं प्रभावित न हों और ग्राहकों को लंबी कतारों का सामना न करना पड़े। भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती, हेल्प डेस्क की व्यवस्था तथा स्पीड पोस्ट की विशेष निगरानी भी की जाएगी।

डाक विभाग ने इस बार विदेशों में रहने वाले भाइयों तक भी राखियां समय पर पहुंचाने के लिए विशेष फोकस किया है।

विभाग का कहना है कि पिछले वर्ष आई तकनीकी समस्याओं से सबक लेते हुए इस बार व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाया गया है। साथ ही लोगों को समय पर राखी बुक कराने और अंतरराष्ट्रीय डाक की प्रक्रिया की सही जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि देश और विदेश दोनों स्थानों पर राखियां निर्धारित समय पर पहुंच सकें।

# पत्रकारिता नारद और हनुमान जैसी करें, सूर्पनखा जैसी नहीं : शलभ

▶ मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ सिहोरा इकाई का सम्मेलन आयोजित



**सिहोरा, नवभारत।** बीते दिवस मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सिहोरा इकाई का सम्मेलन प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश संगठन प्रभारी मोहम्मद अली, सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े, जनपद अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री, नपाध्यक्ष संध्या दुबे, पूर्व विधायक दिलीप दुबे शहडोल जिला इकाई के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।

प्रांताध्यक्ष ने समारोह को संबोधित करते हुए बड़ी बेवाकी से वर्तमान समय में पत्रकारों के कार्य की समीक्षा, समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी एवं भविष्य में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर पत्रकारिता करने की समझाइश दी साथ ही आश्वासन दिया कि जब भी जहां भी पत्रकारों को प्रदेश के मुखिया की जरूरत पड़ेगी वे हमेशा पत्रकारों के साथ खड़े हैं।

शलभ जी ने ये भी कहा कि पत्रिकारिता नारद और हनुमान जैसी करें न कि सूर्यपंखा जैसी, इस ऊर्जावान अभिभाषण से कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों में जोश बढ़ गया और सभी ने खूब गर्मजोशी से अपने मुखिया का स्वागत एवं वंदन अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सिहोरा जिला इकाई के समस्त पदाधिकारी, सदस्य पत्रकार साथी जो मझौली मझगवां गोसलपुर एवं कुम्ही सतधारा से आए और एक यादगार कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अनिल जैन, प्रवीण कुररिया, सुनील तिवारी अंकुर गुप्ता, सत्येंद्र तिवारी प्रशांत बाजपेई, जगदीश ठाकुर, राजकुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, महेंद्र कोष्टा, राजू नामदेव, पवन कोष्टा, मनोरंजन राय, पवन गुप्ता, हेमचन्द असाटी, गनपत चौहान, गौरव गुप्ता, राजेश गुप्ता, हर्ष दुबे, रमेश बर्मन, आकाश चतुर्वेदी, कृष्ण कुमार, विजय तिवारी, राहुल श्रीवास सहित सैकड़ों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# निर्धारित समय पर नहीं खुलते ब्लॉक मुख्यालय के कार्यालय

**अमरपुर।** शासन द्वारा शासकीय कार्यालयों के खुलने के लिए तो समय सारणी जारी कर दिया गया हैं। परंतु ब्लॉक मुख्यालय के कुछ कार्यालयों, विद्यालयों के साथ अनेकों संस्थाओं की स्थिति एक जैसी हैं। राजस्व विभाग का उपतहसील कार्यालय ब्लॉक स्तर में सबसे महत्वपूर्ण विभाग हैं। जोकि कभी निर्धारित समय पर नहीं खुलता। इसी तर्ज पर मंगलवार के दिन भी 1:30 बजे तक कार्यालय का ताला नहीं खुला था। जहां पर क्षेत्र के किसान पहुंचकर कार्यालय खुलने का इंतजार करते रहे। तब 1:40 बजे एक कर्मचारी आकर मुख्य द्वार का ताला खोलता है। उपतहसील में हमेशा ही कर्मचारी लगभग 12:00 बजे तक ही पहुंच पाते हैं। जिससे क्षेत्र के सैकड़ों किसान परेशान होते रहते हैं।

अभियान — नुनसर चौकी प्रभारी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत

# पीएम श्री स्कूल में 'नशे से दूरी है जरूरी' कार्यक्रम आयोजित



**पाटन।** शासन के 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नुनसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान नुनसर चौकी प्रभारी राजेश धुर्वे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने मित्रों और परिवारजनों को भी जागरूक करने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। छात्रों ने हाथों में संकल्प पत्र लेकर नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया तथा स्वस्थ, सुरक्षित और सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया इस दौरान पुलिस स्टाफ एवं प्रभारी प्राचार्य रश्मि उपाध्याय सविता राजपूत निधि धयानी वर्षा किरार प्रभा अवधिया सहित आदि शिक्षक और छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।